# न्याय निर्णय अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट दौसा

पीठासीन अधिकारी : सुरेश कुमार, आर.ए.एस.

**प्रकरण संख्या : 49/2022 FSSA**

1. सरकार जरिये श्री महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा ।                                 – आवेदक–

बनाम

1. श्री योगेश कुमार पुत्र श्री चम्पा लाल गुप्ता एफबीओ मैसर्सः–प्रेरित किराना स्टोर, मेन मार्केट मानपुर तहसील सिकराय जिला दौसा।

– अभियुक्त–

जुर्म अन्तर्गत धारा 26 एफएसएस एक्ट 2006 व सपठित नियम 2011

उपस्थिति : खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित।
: अप्रार्थी अभियुक्त स्वयं उपस्थित।

–: आदेश :–                                 दिनांकः– 08.02.2023

संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार से है कि आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा के कार्यालय में कार्य सम्पादन कर रहा है। राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना (नोटिफिकेशन) क्रमांक एच/पीएफए/नोटिफिकेशन/2011/440 दिनांक 26.07.11 के अनुसार आवेदक को खाद्य सुरक्षा अधिकारी की शक्तियां प्रयुक्त करने के लिए अधिकृत किया गया है तथा श्रीमान आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं निदेशक (जन.स्वा.) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें राज. जयपुर के आदेश क्रमांक 475 दिनांक 10.08.2011 के द्वारा आवेदक को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा के अन्तर्गत आने वाले समस्त स्थानीय क्षेत्र जिला दौसा आवंटित किया गया है।

आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दिनांक 20.04.2022 को दोपहर 01:30 बजे मैसर्सः– प्रेरित किराना स्टोर, मेन मार्केट मानपुर तहसील सिकराय जिला दौसा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय दुकान पर विक्रेता श्री योगेश कुमार पुत्र श्री चम्पा लाल गुप्ता उपस्थित मिला। विक्रेता ने स्वयं को उक्त फर्म का मालिक होना बताया। विक्रेता को अपना परिचय देकर एवं परिचय पत्र दिखाकर उससे खाद्य पदार्थ लाईसेन्स दिखाने के लिये कहा तो उसने खाद्य पदार्थ लाईसेन्स होना जाहिर किया। निरीक्षण के समय विक्रेता की दुकान की रैक में 15 पैकिट 500 एमएल पैकिंग में पैक **Vanaspati (Divya fresh lite kitchen special)** आम जनता को विक्रय हेतु रखे हुये थे। इसमें मिलावट का शक होने पर इसमें से 4 मूल पैक **Vanaspati (Divya fresh lite kitchen special)** नमूने की जॉच हेतु खरीदे। जिनकी कीमत 420 रूपये नकद देकर बिल प्राप्त किया।

आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने नमूने के लिये खरीदशुदा **Vanaspati (Divya fresh lite kitchen special)** के चार लेबल तैयार कर लेबलों पर स्वयं ने हस्ताक्षर कर गवाहान व एफ.बी.ओं. के हस्ताक्षर करवाकर लेबलों को पैकिटो पर चिपकाकर पैकिटो को अलग–अलग एक खाकी कागज में लपेटकर पैकिटो पर डी.ओ. व सीएमएचओ दौसा द्वारा जारी की गई हस्ताक्षर शुदा पेपर स्लीप कोड एवं सीरियल नम्बर ए.जी.–2945 गोंद से चिपकाकर पैकिटो को एक मोटे मजबूत सख्त धागे से बांधकर पैकिटो को चार–चार जगह से चपडी से सील मोहर कर पैकिटो पर एफबीओ(विक्रेता) व गवाहान के हस्ताक्षर करवाकर स्वयं ने हस्ताक्षर कर चारो सील बन्द पैकिटो को अपने कब्जे में लिया। आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर फार्म नं. 5 ए की दो प्रतियां तैयार कर उस पर

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

स्वयं ने हस्ताक्षर कर गवाहान के हस्ताक्षर करवाकर उसकी एक प्रति एफ.बी.ओ. विक्रेता को देकर लिया। आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर फार्म नं. 5 ए की दो प्रतियां तैयार कर उस पर स्वयं ने हस्ताक्षर कर गवाहान के हस्ताक्षर करवाकर उसकी एक प्रति एफ.बी.ओ. विक्रेता को देकर उसकी रसीद फार्म नं. 5 ए पर प्राप्त की। आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर की गई कार्यवाही की फर्द रिपोर्ट तैयार कर उसे (विक्रेता) एफ.बी.ओ. व गवाहान को पढकर सुनाकर समझाकर उस पर स्वयं ने हस्ताक्षर कर एफ.बी.ओ. व गवाहान के हस्ताक्षर करवाये।

आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कार्यालय में आकर फार्म नं. 6 की छः प्रतियां तैयार कर प्रत्येक पर नमूना छाप (सील इम्प्रेशन) लगाकर फार्म नं0 6 की एक प्रति व नमूने का एक सील बंद पैकिट एक आउटर कवर में चपडी से सील मोहर कर तथा फार्म नं0 6 की दो प्रतियां अलग से एक लिफाफे में सील मोहर कर नमूने का एक सील बंद पैकिट व फार्म नं0 6 का सील बंद लिफाफा श्री महादेव प्रसाद सैनी च.श्र.क. मुख्यालय द्वारा दिनांक 21.04.2022 को खाद्य विश्लेषक राजस्थान अलवर के यहां जमा करवाये। नमूने के दो सील बन्द पैकिट व फार्म नं0 6 की दो प्रतियां एक आउटर कवर में सील मोहर कर स्वयं द्वारा दिनांक 21.04.2022 को डी.ओ. व सी.एम.एच.ओ. दौसा को जमा करवाकर रसीद प्राप्त की तथा नमूने का चतुर्थ सीलबंद पैकिट व फार्म नं0 6 की एक प्रति आउटर कवर में सील मोहर कर स्वयं द्वारा दिनांक 21.04.2022 को डी.ओ. व सी.एम.एच.ओ. को जमा करवाकर रसीद प्राप्त की।

उक्त खाद्य पदार्थ **Vanaspati (Divya fresh lite kitchen special)** का नमूना खाद्य विश्लेषक अलवर की जांच रिपोर्ट संख्या एल.एस./427/एक्ट/2022/427 दिनांक 28.04.2022 के अनुसार सबस्टैण्डर्ड पाये जाने पर न्याय निर्णय आवेदन पत्र खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर तलबी अप्रार्थी अभियुक्त की गई। अप्रार्थी अभियुक्त द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया तत्पश्चात् खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं अप्रार्थी अभियुक्त की बहस सुनी गई।

बहस के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने निवेदन किया कि खाद्य विश्लेषक अलवर की जांच रिपोर्ट संख्या एल.एस./427/एक्ट/2022/427 दिनांक 28.04.2022 में उक्त खाद्य पदार्थ **Vanaspati (Divya fresh lite kitchen special)** का **Acid Value** 0.78 पायी गई है जो कि अधिकतम 0.6 होनी चाहिये थी। उक्त खाद्य पदार्थ के नमूने में **Acid Value** तय मानको से अधिक पायी गई है। जांच के दौरान उक्त खाद्य पदार्थ के नमूने का **Baudouin Test Positive** आया है। जो कि **Lovibond Scale** पर 2.0 लाल ईकाई से हल्का नहीं होना चाहिये। इस प्रकार अप्रार्थी अभियुक्त द्वारा उक्त सबस्टैण्डर्ड खाद्य पदार्थ का विक्रय कर एफएसएसए 2006 की धारा 26(2)(II) का उल्लंघन किया गया है। अतः अधिनियम की धारा 51 एफएसएस में वर्णित प्रावधानो के तहत अप्रार्थी अभियुक्त को अधिक से अधिक जुर्माने के दण्ड से दण्डित किया जावे।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अप्रार्थी अभियुक्त द्वारा बहस के दौरान जवाब प्रार्थना पत्र के तथ्यों को दोहराते हुये निवेदन किया कि प्रार्थी के यहां से दिनांक 20.04.2022 को खाद्य पदार्थ **Vanaspati (Divya fresh lite kitchen special)** का नमूना लिया गया था जो जांच रिपोर्ट में सबस्टैण्डर्ड पाया गया है। उक्त खाद्य पदार्थ हमारे द्वारा पैक सामान खरीद पैक सामान को ही विक्रय किया जाता है। हमारे द्वारा इसमे किसी भी प्रकार की कोई मिलावट नहीं की जाती है। अप्रार्थी अभियुक्त द्वारा उक्त प्रकरण में कम से कम जुर्माना लगाये जाने का निवेदन किया गया।

हमने उभयपक्ष की बहस पर मनन किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया। परिवाद में वर्णित तथ्यों एवं इसके साथ संलग्न दस्तावेजात तथा खाद्य विश्लेषक अलवर की जांच रिपोर्ट संख्या एल.एस./427/एक्ट/2022/427 दिनांक 28.04.2022 के अनुसार उक्त खाद्य पदार्थ **Vanaspati (Divya fresh lite kitchen special)** का नमूना जांच में **Acid Value** तय मानको से अधिक पाये जाने एवं **Baudouin Test Positive** पाये जाने के कारण सबस्टैण्डर्ड पाया गया है। अप्रार्थी अभियुक्त द्वारा

उक्त सबस्टैण्डर्ड खाद्य पदार्थ **(Divya fresh lite kitchen special)** का विक्रय कर एफएसएसए 2006 की धारा 26(2)**(II)** का उल्लंघन किया गया है। जिसका जुर्माना अधिनियम की धारा 51 में वर्णित है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अप्रार्थी अभियुक्त द्वारा सबस्टैण्डर्ड खाद्य पदार्थ **Vanaspati (Divya fresh lite kitchen special)** का विक्रय किये जाने पर अपराध कारित होने से अप्रार्थी अभियुक्त श्री योगेश कुमार पुत्र श्री चम्पालाल गुप्ता एफबीओ मैसर्सः– प्रेरित किराना स्टोर, मेन मार्केट मानपुर तहसील सिकराय जिला दौसा पर 20000/–( अक्षरे बीस हजार रूपये ) की शास्ति आरोपित की जाती है। अप्रार्थी अभियुक्त उक्त राशि निर्णय दिनांक 08.02.2023 के एक माह के अन्दर–अन्दर निर्धारित मद में जमा कराकर चालान की प्रति प्रस्तुत करे ।

निर्णय मेरे द्वारा लिखवाया जाकर आज दिनांक 08.02.2023 को खुले न्यायालय में सुनाया गया ।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

( सुरेश कुमार )
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,दौसा

क्रमांक/**FSSA/** दिनांकः– .02.2023

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं निदेशालय (जन स्वास्थ्य) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राज0 जयपुर।
2. अभिहित अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दौसा।
3. श्री योगेश कुमार पुत्र श्री चम्पा लाल गुप्ता एफबीओ मैसर्सः–प्रेरित किराना स्टोर, मेन मार्केट मानपुर तहसील सिकराय जिला दौसा।

( सुरेश कुमार )
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,दौसा